Title: Need for desilting of Varna river and Mailhan Lake in Phulpur - Laid.

श्री जंग बहादुर सिंह पटेल (फूलपुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र फूलपुर में मैलहन झील से वरना नदी निकलती है और जाकर वाराणसी में मिलती है। मैलहन झील में शारदा नहर सहित कई नहरों की टेल एवं पट्टी प्रतापगढ़ से आने वाली नहरों की टेल व बरसाती पानी के कारण मेरे क्षेत्र का लगभग १०० ग्राम पानी से डूबा रहता है। पिछले कई सालों से वहां कोई फसल/अन्न का उत्पादन नहीं हो पा रहा है। वरना नदी एवं मैलहन झील से खुदाई एवं सफाई के लिए कई बार लिखा-पढ़ी की गई, लेकिन कोई कारगर कार्रवाई आज तक नहीं हुई।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर तत्काल हस्तक्षेप कर वरना नदी एवं मैलहन झील की खुदाई एवं सफाई के कार्य का संपादन करें।